RAJYA SABHA

Thursday, the 24th August, 2006/2 Bhadrapada, 1928 (Saka)

The House met at eleven of the clock,

[MR. CHAIRMAN in the Chair.]

RE. COMMENTS IN NCERT BOOKS

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: सभापति जी, मैंने आपको प्रश्नकाल से पहले सूचित किया था कि एक बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है, जिस पर यह संसद, यह सदन पिछले सप्ताह चर्चा कर चुका है और वह विषय NCERT की पुस्तकों से संबंधित था। आपके संज्ञान में यह लाया गया था कि उसमें बहुत आपत्तिजनक टिप्पणियां हैं - सिक्ख गुरुओं के लिए है ...(**व्यवधान**)... यहां सरकार ने आश्वासन दिया था कि वह इस बारे में जांच करेगी और इन सारी विसंगतियों को दूर करने के बारे में सारा सदन एकमत था ...(**व्यवधान**)... इसलिए मैं चाहता हूं कि इस पर चर्चा हो ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: ठीक है, आपने बता दिया ...(**व्यवधान**)... मंत्री जी, आप कुछ बता सकते हैं।

श्री रुद्रनारायण पाणि: सर, मैं आपको एक सूचना देना चाहता हूं ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: आप बैठ जाइए ...(**व्यवधान**)...

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह): सभापति महोदय, इस विषय पर ृत रूप से सभी चीजें सदन के सामने लानी चाहिए और वे आएंगी। मैं केवल इतना निवेदन चाहता हूं कि चूंकि अभी लोक सभा में मुझे ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोलना है, इसलिए आप ऐसा समय निर्धारित कर दें कि मैं इस पर अपनी राय दे सकूं।

श्री सभापति: ठीक है, मैं आपको इत्तिला कर दूंगा Questions. Question 401 ...*(Interruptions)*...

श्री रुद्रनारायण पाणि: सभापति जी, मैं आपको बताना चाहता हूं कि ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: मैं allow नहीं करूंगा ...(**व्यवधान**)... मेरा ध्यान सबकी तरफ आकर्षित हो रहा है ...(**व्यवधान**)... Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*... प्लीज बैठ जाइए ...(**व्यवधान**)...

श्री रुद्रनारायण पाणि: *

श्री सभापति: आप बैठ जाओ ...(**व्यवधान**)... रिकॉर्ड पर नही जाएगा ...(**व्यवधान**)... Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*...

श्री रुद्रनारायण पाणि: सभापति जी,*

---

* Not recorded.

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

Immigration Reform Bill discussion in US Congress

*401. SHRI VIJAY J. DARDA:
SHRIMATI MOHSINA KIDWAI:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government are aware that an Immigration Reform Bill is likely to be discussed in the US Congress which may raise the hope of an increase in employment based immigration visas and temporary skilled workers' visas; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI ANAND SHARMA): (a) The US House of Representatives and Senate have passed a version of legislation amending the US Immigration and Nationality Act in December, 2005 and May, 2006 respectively. The final text of the legislation has yet to emerge from the conference process that would reconcile the two versions as per American legislative process.

(b) While there are provisions related to employment based visas in the version passed by the Senate, it is premature to comment on final outcome as the legislative process is ongoing.

श्री विजय जे॰ दर्डा: सभापति जी, अभी अमरीका में हजारों ऐसे भारतीय नागरिक हैं, जो बिना immigration status के काम कर रहे हैं तथा कुछ ऐसे लोग हैं, जो बचपन में अपने रिश्तेदारों के साथ गए थे, लेकिन कुछ कारणवश उनका immigration status समाप्त हो गया है। ऐसे लोग वहां पर लगातार security agencies द्वारा harass किए जा रहे हैं या कंपनियों द्वारा exploit किए जा रहे हैं। क्या आने वाले बिल में इन लोगों को राहत मिलने की संभावना है, अगर नहीं है, तो क्या सरकार उनको ससम्मान वापस लाने के बारे में सोच रही है? क्या भारत सरकार के पास ये आंकड़े हैं कि कितने लोग अमरीका में working visa लेकर काम कर रहे हैं या उनका immigration status समाप्त हो चुका है तथा कितने ऐसे भारतीय हैं, जो illegal immigrants घोषित हो चुके हैं तथा जिन्हें deport किया जाना है? क्या नए बिल के आने के बाद family visa संभव हो सकेगा? Working visa की validity जो अभी 6 साल की है, वह 10 साल की हो सकेगी ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: आप question कर लीजिए?

श्री विजय जे॰ दर्डा: सभापति जी, मैं question ही कर रहा हूं। मैंने question ही किया है।

श्री सभापति: यदि इतना लंबा question होगा, तो 5 questions ही हो पाएंगे।

श्री आनन्द शर्मा: सभापति महोदय, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न किया है, अमरीकी कांग्रेस के सामने दोनों सदनों ने वहां पर जो Immigration Reforms Bill पास किया है, यह उससे

* Not recorded.